आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 17.11.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सूरत में बुलेट ट्रेन परियोजना की समीक्षा की– टीम से कहा अपने अनुभव ब्लू बुक मे दर्ज करे।
- लाल किला आतंकवादी साज़िश में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने एक युवक को गिरफ्तार किया।
- स्वराज द्वीप में अगले वर्ष मार्च में तीन अंडर वाटर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारियां शुरू।
- भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की ओर से आयोजित तटीय एवं समुद्री जैव विविधता कार्यशाला में विशेषज्ञों ने संरक्षण के महत्व पर दिया ज़ोर।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूरत में भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना की समीक्षा के बाद परियोजना टीम के साथ बातचीत के दौरान कहा कि जब किसी व्यक्ति में राष्ट्र के लिए काम करने और कुछ नया योगदान देने की भावना उत्पन्न होती है, तो यह अत्यधिक प्रेरणा का स्रोत बनती है। उन्होंने भारत की अंतरिक्ष यात्रा का उदाहरण देते हुए बताया कि जिस भावना के साथ वैज्ञानिकों ने देश का पहला उपग्रह लॉन्च किया था, वही आज सैकड़ों उपग्रहों के सफल लॉन्च में दिखाई देती है। प्रधानमंत्री ने परियोजना की प्रगति, गति और समय–निर्धारण के पालन की जानकारी ली। कर्मचारियों ने भरोसा दिलाया कि परियोजना बिना किसी कठिनाई के सुचारू रूप से आगे बढ़ रही है। श्री मोदी ने कहा कि यदि यहां प्राप्त अनुभवों को ब्लू बुक की तरह रिकॉर्ड किया जाए, तो देश बड़े पैमाने पर बुलेट ट्रेन परियोजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर सकता है। केरल की एक इंजीनियर ने नवसारी, गुजरात में नॉइज बैरियर फैक्ट्री में रोबोटिक यूनिट्स के उपयोग का अनुभव साझा किया। बेंगलुरु की श्रुति, लीड इंजीनियरिंग मैनेजर, ने डिज़ाइन और इंजीनियरिंग प्रक्रियाओं में टीम के कठोर मूल्यांकन, समाधान और विकल्प तलाशने के प्रयास साझा किए। एक कर्मचारी ने कविता के माध्यम से अपनी प्रतिबद्धता जताई, जिस पर प्रधानमंत्री ने उनकी मेहनत की सराहना की। इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय जाँच एजेंसी ने लाल किला कार विस्फोट मामले में दिल्ली से आमिर राशिद अली नाम के एक कश्मीरी निवासी को गिरफ्तार किया है। एजेंसी के अनुसार, आमिर राशिद ने आत्मघाती हमलावर उमर नबी के साथ मिलकर आतंकी हमले की साजिश रची थी, जिसमें 10 निर्दोष लोगों की जान चली गई और

लगभग 25 घायल हो गए। एनआईए ने कहा कि हमले में शामिल कार उसके नाम पर पंजीकृत थी। आतंकवाद–रोधी एजेंसी ने एक अन्य वाहन भी जब्त किया है, जो नबी का है। मामले में सबूत के लिए वाहन की जांच की जा रही है। एनआईए ने अब तक 73 गवाहों की जांच की है, जिनमें विस्फोट में घायल हुए लोग भी शामिल हैं।

<><><><><><><>

प्रदर्शनी मैदान में सरस मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस सिलसिले में तीसरे दिन ननकौड़ी का पारंपरिक नृत्य, प्रातरापुर समूह का प्रदर्शन, हम्फ्रीगंज के स्वयं सहायता समूह का नाटक, रॉयल म्यूजिकल ग्रुप और सोल परफॉर्मेंस ऑर्केस्ट्रा की ओर से कार्यक्रम पेश किए गए। सरस मेला के दूसरे दिन करीब 2.6 लाख रूपये की बिक्री दर्ज हुई थी, जबकि तीसरे दिन भी SHG स्टॉलों और फूड कोर्ट में भारी भीड़ रही। तमिलनाडु स्टॉल लगभग 10,000 रूपये की बिक्री के साथ सबसे आगे रहा।

<><><><><><><>

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में कार निकोबार के एडवर्ड कुटचट पार्क में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिक्षा विभाग द्वारा पारंपरिक गीत–नृत्य प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाए गए, जिसमें कृषि विभाग ने किसानों को सब्जी बीज किट, पशुपालन विभाग ने बत्तख चूजे वितरित किए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। बिजली विभाग ने 'सूर्य घर' योजना से संबंधित शिविर आयोजित किया। ट्राइबल फार्मर मार्केट, मछली पकड़ने के पारंपरिक उपकरणों का प्रदर्शन और आंगनवाड़ी पोषण जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन मार्च 2026 में स्वराज द्वीप स्थित राधानगर तट पर तीन अनोखे अंडरवॉटर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारियाँ कर रहा है। इनमें पानी के नीचे सबसे बड़ा झंडा, सबसे ऊँचा मानव स्टैक, और सबसे लंबी मानव श्रृंखला शामिल हैं। सबसे लंबी मानव श्रृंखला के लिए प्रमाणित भारतीय स्कूबा गोताखोरों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में 18 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं, और उनके पास न्यूनतम 10 गोते के साथ ओपन वाटर डाइवर प्रमाणन पत्र का होना अनिवार्य है। 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के आवेदकों को अतिरिक्त मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र देना होगा। इस आयोजन के लिए पंजीकरण 15 दिसंबर तक ईमेल के माध्यम से भेजे जा सकते हैं।

<><><><><><><>

पर्यावरण मंत्रालय द्वारा प्रायोजित भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की ओर से चल रहे तटीय एवं समुद्री जैव विविधता संरक्षण पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हो गया। इस समापन समारोह में आईएनएस उत्क्रोश के स्टेशन उड़ान सुरक्षा अधिकारी कैप्टन पी. महाजन ने समुद्री घास, प्रवाल भित्तियों, मैंग्रोव और द्वीपों की समृद्ध जैव विविधता के महत्व पर प्रकाश डाला। क्यारी के निदेशक डॉ. जय सुंदर ने द्वीपों पर बढ़ते जनसंख्या दबाव और जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों पर चर्चा की। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड की ओर से 22 नवंबर को वंडूर पंचायत में जागरूकता एवं पंजीकरण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर के दौरान श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर जानकारी  और मौके पर पंजीकरण सुविधाएं प्रदान की जाएगी।

<><><><><><><>

डॉलीगंज स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में आयोजित दो दिवसीय बाल शतरंज उत्सव का समापन हो गया। इसमें छह आयु वर्ग में लगभग 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया। अलग–अलग श्रेणियों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिनमें सरणया ए.वी., युवान सिंह, चित्तिबोइना मगेस्वरी, बी. ललित, जयवर्धन राव, रोहन सिंह, हेमेंशी और अन्य विजेता शामिल रहे।

<><><><><><><>

ब्रुक्शाबाद स्थित समग्र क्षेत्रीय केन्द्र ने उद्योग निदेशालय के साथ मिलकर दिव्यांगजनों के लिए 15–दिवसीय हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके तहत नारियल के खोल और बांस से उत्पाद बनाने पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों को कौशल विकास, स्व–रोजगार और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण में कुल 26 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के वन–स्टॉप सेंटर की ओर से शिक्षा निदेशालय में साइबर सुरक्षा और साइबर कानूनों पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय अन्वेषण विभाग के उप–निरीक्षक हरिकृष्ण ने ईमेल धोखाधड़ी, सोशल मीडिया फ्रॉड, बैंकिंग और ई–कॉमर्स ठगी सहित आधुनिक

साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा अधिकांश घटनाएं जागरूकता के अभाव में होती हैं। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में भी जानकारी दी गई।

<><><><><><><>